# PLANTATION DRIVE AT SONEPAT VARSITY

**Sonepat:** Under the 'Ek Ped Maa Ke Naam' campaign, initiated by Prime Minister Narendra Modi, Vice Chancellor Sudesh launched a plantation campaign at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya. VC Sudesh said all have to join the plantation campaign wholeheartedly for the betterment of the environment. She described the drive as the need of the hour in view of the environmental challenges being faced in the present times. VC Sudesh urged the students to plant at least one tree and take care of it. Officiating Registrar Prof Shweta Singh said this plantation campaign will also be run in the affiliated colleges of the varsity. Former Registrar of Kurukshetra University Prof Hawa Singh, Kamala Devi, Chief Warden Dr Suman Dalal, Director Public Relations Lt Colonel Anil Balhara and other members of the university community were present on the occasion.



# महिला विश्वविद्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस




गोहाना मुद्रिका, 16 अगस्त : 78वें स्वतंत्रता दिवस पर बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय समेत क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास से कार्यक्रम आयोजित हुए। अतिथियों ने ध्वजारोहण किया तथा विद्यार्थियों ने देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुतियों से ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया।

गांव खानपुर कलां स्थित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में वी.सी. प्रो. सुदेश ने एन.सी.सी. के कैडेट्स और एन.एस.एस. की स्वयंसेविकाओं के मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बहन सुभाषिणी की बेटी कमला रानी और विश्वविद्यालय की कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता हुड्डा भी उपस्थित रहे।

गोहाना-पानीपत मार्ग पर स्थित दून पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण मुख्यातिथि डॉ. शशिकांत तिवारी ने किया। अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति छाबड़ा ने की। मार्गदर्शन स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत कुमार ने किया। उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान समारोह भी हुआ।

आदर्श नगर स्थित सत्यानंद पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण श्री राम शरणम मिशन की गुरु मां रेखा विज के करकमलों से हुआ। अध्यक्षता प्रिंसिपल सीमा श्योराण ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. संजय मिड्ढा, सुरेश मल्होत्रा, कंचन आहूजा, रमा, नीतू और ऋषि रहे। बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी बच्चे सम्मानित किए गए।

बरोदा रोड पर स्थित हरियाणा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण एम.डी. हरि प्रकाश गौड़ ने किया। अध्यक्षता प्रिंसिपल सुदेश उप्पल ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संयोजन करने वाले शिक्षक मोहित, संजय, सचिन, जयभगवान और अनिल कुुमार रहे।

गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर के समारोह के मुख्य अतिथि थलसेना के सेवानिवृत्त कर्नल कृष्ण कुमार रहे। मुख्य वक्ता ग्रामीण शिक्षा समिति के मंत्री चेतराम का रहा। अध्यक्षता प्रिंसिपल अश्विनी कुमार ने की। मार्गदर्शन स्कूल के अध्यक्ष एडवोकेट तिलक राज रेल्हन और मैनेजर डॉ. मनोज शर्मा का रहा।

मेन बाजार में स्थित जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल के मैनेजर वीरेंद्र जैन उर्फ गुल्लू ने किया। अध्यक्षता प्रिंसिपल के.एल. दुरेजा ने की। स्वतंत्रता के पर्व का संयोजन उपाध्यक्ष रवींद्र जैन ने प्रवीण जैन, दीपक जैन, संदीप जैन आदि के सहयोग से किया।

सोनीपत रोड पर स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी विकास दहिया, विशिष्ट अतिथि डॉ. मुकेश रुहिल और डॉ. पूनम मलिक रहे। अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने की। संयोजन स्कूल के निदेशक कुलदीप देशवाल और प्रिंसिपल जयवीर सिंह रुहिल ने किया।

गुढ़ा रोड पर स्थित जवाहर लाल नेहरू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ध्वजारोहण भाजपा के दिग्गज नेता बलराम कौशिक ने किया। मार्गदर्शन स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा का रहा। अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सचिन शर्मा और एम.डी. सुनील शर्मा ने की। संयोजन वाइस प्रिंसिपल सूरत शर्मा और सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा ने किया।

गोहाना-खरखौदा मार्ग पर स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल के चेयरमैन दीपक मान ने किया। अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल मंजू मान ने की। स्वाधीनता के इस पर्व का मुख्य आकर्षण हर घर तिरंगा अभियान रहा। संयोजन करने वाले शिक्षक सचिन मलिक, अजय कुमार, रीना गाबा, शिखा मलिक और आशु रानी रहे।

गोहाना-खानपुर कलां मार्ग पर स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण एम.बी.बी.एस. कम्पलीट कर चुके इस स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. अजय ने किया। अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन पंकज जाले ने की तथा संयुक्त संयोजन प्रिंसिपल प्रीति शर्मा के साथ वाइस प्रिंसिपल जतिन आनंद ने किया। कार्यक्रम में मेधावी बच्चे सम्मानित किए गए।

गोहाना-पानीपत मार्ग पर स्थित दर्श एजुकेशन संस्थाओं में ध्वजारोहण इन के चेयरमैन प्रदीप चहल ने किया। संयुक्त अध्यक्षता डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विकास दहिया और बी.एड कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रेम सुंदर ने की। फिजिकल एजुकेशन की असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति के संयोजन में रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई गई।

गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल के निदेशक अनिल मलिक ने किया। अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल उषा कौशिक ने की। कक्षा 9, 10 और 11 के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत लघु नाटिका का मंचन किया। शहीदों को नमन कविताओं और गीतों के माध्यम से भी किया गया।

वजीरपुरा गांव स्थित टी.पी.एस. पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण स्कूल की एम.डी. प्रतिभा जैन ने किया। संयोजन करने वाली शिक्षिकाएं-रितिका जैन, रेखा और रचना रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सीनियर वर्ग में माया सदन प्रथम, मदन सदन द्वितीय जबकि जूनियर सदन में सुंदरी सदन प्रथम और ब्राह्मी सदन द्वितीय रहे।

गढ़ी सराय नामदार खां गांव स्थित सैनी पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण काठमंडी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सत्य नारायण सैनी ने किया।

अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने की। संयोजन उपाध्यक्ष और सरपंच सुंदर सैनी, सचिव सत्य नारायण सैनी, सह सचिव पटवारी किताब सिंह और कोषाध्यक्ष साधु राम सैनी ने किया।

# बीपीएसएमवी में जमकर झलकी देशभक्ति की भावना

**खानपुर कलां,चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि में 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उल्लास तथा देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने विवि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तत्पश्चात उन्होंने एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान का बलिदान देने वाले शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने शत शत नमन किया। कुलपति ने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी की वजह से आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारतञ्च2047 के सपने को पूरा करने के लिए अपना योगदान देना होगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाना होगा। आज वैश्विक स्तर पर बढ़ रही पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षक बनना होगा। उन्होंने कहा




कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। डिफेंस, हेल्थ केयर, शिक्षा एवं तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारा देश एक बड़ी शक्ति बनकर सामने आया है। उन्होंने देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पेश किए गए देश भक्ति रस से सराबोर नृत्य, गीत-संगीत, हरियाणवी नृत्य एवं योग प्रस्तुति ने उपस्थित जन का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, बहन कमला रानी सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मी, अभिभावक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

# समाज में आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों पर हुई चर्चा

## हरियाणा का कायाकल्प–सहकारिता का संकल्प विषय पर संगोष्ठी आयोजित




**खानपुर कलां,चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि के समाज कार्य विभाग एवं वैज्ञानिक औद्योगिकी शोध परिषद तथा दी भारत इनोवेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट कोऑपरेटिव फोरम के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा का कायाकल्प - सहकारिता का संकल्प विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर ने शिरकत की। इस संगोष्ठी में प्रबुद्ध वक्ताओं ने सहकारी समितियों की समाज में अहम भूमिका तथा सहकारिता के माध्यम से आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों पर चर्चा की।

मुख्य अतिथि दीनानाथ ठाकुर ने समाज को सबके अनुकुल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ मंजू पंवार ने स्वागत संबोधन किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कृषि वैज्ञानिक डॉ भीम सिंह दहिया ने देश के विकास के लिए गांव के उत्थान की बात कही।

हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव अपैक्स बैंक के अध्यक्ष हुकम सिंह भाटी ने सरकार द्वारा सहकारी समितियों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता तथा ऋण योजनाओं की जानकारी दी। पद्मकमल सिंह चौहान ने सहकारिता के माध्यम से सब्जी उत्पादन की जानकारी साझा की। सहकार भारती, हरियाणा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजवीर सिंह गोदारा ने कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई। डॉ सोनिया दहिया, डॉ परविंदर सिंह ने भी अपने विचार रखे। बाघपुर गांव की सरपंच सुषमा ने गांव में चलाए जा रहे निशुल्क प्रशिक्षण केंद्र के बारे में बताया, जहां ग्रामीण छात्र-छात्राओं को वेब डिजाइनिंग, डिजीटल मार्केटिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस संगोष्ठी का संचालन डॉ जगवीर रावत ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ ज्ञान मेहरा ने किया। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों की महिला सरपंच, सहकारी समितियों के प्रतिनिधि एवं छात्राएं मौजूद रही।

# फोटो समाचार....



गोहानाः भगत फूल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए गणमान्य।

अजीत समाचार

17-Aug-2024


Page: 8

उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार

http://www.ajitsamachar.com/20240817/27/8/1_1.cms

# कुलपति प्रो. सुदेश ने विश्वविद्यालय परिसर में फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

गोहाना, 16 अगस्त (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उल्लास तथा देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तत्पश्चात उन्होंने विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान का बलिदान देने वाले शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने शत शत नमन किया। कुलपति ने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी की वजह से आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर बढ़ रही पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षक बनना होगा। कुलपति प्रो. सुदेश ने देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। देशभक्ति रस से सराबोर नृत्य, गीत-संगीत, हरियाणवी नृत्य एवं योग प्रस्तुति ने उपस्थित जन का मन मोह लिया। इसकार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, बहन कमला रानी सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक गण, अधिकारी गण, गैर शिक्षक सभी कर्मचारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।



अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
17-Aug-2024
Page: 13
http://www.ajitsamachar.com/20240817/27/13/1_1.cms



गोहाना : संगोष्ठी के दौरान वक्ता एवं प्रतिभागी।

# सहकारिता का संकल्प संगोष्ठी आयोजित

गोहाना, 18 अगस्त (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग एवं वैज्ञानिक औद्योगिकी शोध परिषद तथा दी भारत इनोवेशन रिसर्च एंड डेवलपमैंट कोऑपरेटिव फोरम के संयुक्त तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय हरियाणा का कायाकल्प-सहकारिता का संकल्प रहा जिसका संचालन डॉ. जगबीर रावत ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर ने शिरकत कर सहकारिता के माध्यम से आ रहे सकारात्मक परिवर्तनों पर चर्चा की। मुख्य अतिथि दीनानाथ ठाकुर ने समाज को सबके अनुकुल बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। डॉ. मंजू पंवार ने स्वागत संबोधन किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार


19-Aug-2024
Page: 10

http://www.ajitsamachar.com/20240819/27/10/1_1.cms

# बीपीएसएमवीः उल्लास तथा देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया 78वां स्वतंत्रता दिवस

Girish Saini · Aug 16, 2024 10:43






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विवि में 78वां प. स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उल्लास तथा प. देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

कुलपति प्रो. सुदेश ने विवि परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तत्पश्चात उन्होंने एनसीसी कैडेट्स तथा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट की सलामी ली। अपने संबोधन में भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान का बलिदान देने वाले शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने शत शत नमन किया। कुलपति ने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी की वजह से आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत@2047 के सपने को पूरा करने के लिए अपना योगदान देना होगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाना होगा। आज वैश्विक स्तर पर बढ़ रही पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षक बनना होगा। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। डिफेंस, हेल्थ केयर, शिक्षा एवं तकनीक सहित विभिन्न क्षेत्रों में हमारा देश एक बड़ी शक्ति बनकर सामने आया है। उन्होंने देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पेश किए गए देश भक्ति रस से सराबोर नृत्य, गीत-संगीत, हरियाणवी नृत्य एवं योग प्रस्तुति ने उपस्थित जन का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो [illegible] सिंह, बहन कमला रानी सहित विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मी, अभिभावक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

Tags: BPSMV | 78th Independence Day

RELATED POSTS

राज्यसभा चुनाव का कोई रोमांच नहीं

बीडीएस की छात्रा के साथ मारपीट के मामले में आरोपी डॉक्टर...

एमडीयूः बीएड/एमएड में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम...

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment




POPULAR POSTS
Weekly Posts

राज्यसभा चुनाव का कोई रोमांच नहीं

मनोज धीमान की पुस्तक "जागते रहो" (लघु कथा संग्रह) की समालोचना...

Vadodara medical students protest over Kolkata female doctor's...

FM Sitharaman asks regional banks to give more loans to...

PM Modi wishes Indian contingent for Paris Paralympic Games

FOLLOW US
Facebook | X (Twitter) | LinkedIn | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS

Opinion
BJP will win elections and form govt in J&K: Ashish Sood...

Lifestyle changes key to prevent rising diabetes, hypertension...

Poor upbringing of boys to be blamed for incidents like...

Elections in J&K welcome but UT status an affront to people...

'India need not learn from Pakistan', Khurshid challenges...

IANS Interview: B'desh will turn into

राष्ट्रभक्ति के लिए सबसे सही आइडिया

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com


Play / Stop Audio

# 78th Independence Day celebrated with patriotic spirit at BPSMV

The 78th Independence Day was celebrated with full enthusiasm, joy and patriotic spirit at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya on August 15.

Girish Saini




Sonipat, August 16, 2024. The 78th Independence Day was celebrated with full enthusiasm, joy and patriotic spirit at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya on August 15.

Vice Chancellor Prof. Sudesh hoisted the tricolor in the university campus and took the salute of the march past conducted by the NCC cadets and NSS volunteers. VC Prof. Sudesh paid her respects to the martyrs and freedom fighters who sacrificed their lives for the independence of India.

VC Prof. Sudesh said that we all have to contribute together to fulfill Prime Minister Narendra Modi's vision of ' Viksit Bharat@ 2047'. She called upon students to act as an environmental protector to deal with the growing environmental challenges at the global level. She said that today India has emerged as the fifth largest economy in the world. Our country is a global leader in various fields including defense, health care, education and technology. She described the role of teachers as very important in the development of the country.

The wonderful patriotic presentations like dance, song, music, Haryanvi dance and yoga presentation captivated the people present. Dean Academic Affairs Prof Sanket Vij, Officiating Registrar Prof Shweta Singh, Kamala Rani, Deans of various faculties, Heads of Departments, faculty members, Non-Teaching Staff, Parents and Students participated in this program.

Tags: 78th Independence Day | patriotic spirit | BPSMV

RELATED POSTS



Jamia professor's research on Black Hole introduces innovative...



IIT Roorkee hosts mesmerizing Gotipua Dance Performance...



MOU To establish The Holiness Dalai Lama Visiting Chair...

COMMENTS

Name | Email

Comment

I'm not a robot

Post Comment




POPULAR POSTS

Weekly Posts

राज्यसभा चुनाव का कोई रोमांच नहीं

मनोज धीमान की पुस्तक "जागते रहो" (लघु कथा संग्रह) की समीक्षा...

Vadodara medical students protest over Kolkata female doctor's...

FM Sitharaman asks regional banks to give more loans to...

PM Modi wishes Indian contingent for Paris Paralympic Games

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS



Opinion

BJP will win elections and form govt in J&K: Ashish Sood...

Lifestyle changes key to prevent rising diabetes, hypertension...

Poor upbringing of boys to be blamed for incidents like...

Elections in J&K welcome but UT status an affront to people:...

'India need not learn from Pakistan', Khurshid challenges...

IANS Interview: B'desh will turn into another Pak if BNP-Jamaat...

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com

CITY AIR NEWS

The web portal that brings the latest breaking news in Ludhiana and the way across Punjab is using international language i.e. English for daily news. Even today's headline in English was liked by many. The website has business news in English, latest Bollywood gossips, sports updates and political news.

BROWSE CATEGORY

Hindi Literature
Upcoming Events
Product Launch
Technology

SOCIAL MEDIA

Subscribe here to get interesting stuff and updates!

Subscribe

© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechnFormation

Terms & Conditions   Privacy Policy